पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली एवं स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के साथ की बैठक

बच्चों को भिक्षावृति से विमुख कर शिक्षा की ओर उन्मुख करें

बच्चों को भिक्षावृति से शिक्षा की ओर उन्मुखीकरण के कार्य को विश्वविद्यालय बेस्ट प्रैक्टिसेज से जोड़ें

भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों के माता–पिता को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाए

शिक्षा से बच्चों में स्वाभिमान का भाव पैदा होता है

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 06 अगस्त, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्था 'उम्मीद' के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

राज्यपाल जी ने स्वयं सेवी संस्था "उम्मीद" के साथ विश्वविद्यालय को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय एवं अधीनस्थ महाविद्यालयों के समीप स्थित चौराहों पर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों का भिक्षावृत्ति उन्मूलन करने व उन्हें शिक्षा की ओर उन्मुख करने को कहा।

राज्यपाल जी ने कहा कि शहरों के विभिन्न चौराहों पर प्रायः भिक्षावृति में संलिप्त बच्चे दिख जाते हैं। हमारा उद्देश्य होना चाहिए कि उन बच्चों को भिक्षावृत्ति से विमुख कर शिक्षा की ओर उन्मुख किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विश्वविद्यालय अपने बेस्ट प्रैक्टिसेज से जोड़ें। उन्होनें कहा कि इन बच्चों के

माता–पिता को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान की जाए, इन्हें राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाए। राज्यपाल जी ने कहा कि जब बच्चे शिक्षा की तरफ उन्मुख होते हैं तो उनमें स्वाभिमान का भाव पैदा होता है, उन्हें एक दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि इन बच्चों व उनके परिजनों में यह विश्वास उत्पन्न करें कि हम उनके साथ हैं तथा उनके हित में कार्य कर रहे हैं।

उम्मीद संस्था के संस्थापक श्री बलबीर सिंह मान ने बताया कि स्वयं सेवी संस्था "उम्मीद" बच्चों में भिक्षावृत्ति उन्मूलन व उन्हें शिक्षा की ओर उन्मुखीकरण की दिशा में कार्य कर रही है। ऐसे बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में दाखिला, कम्प्यूटर शिक्षा, स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था कर उन्हें शिक्षित करने का प्रयास की दिशा में संस्था कार्यरत है। संस्था के प्रयास से महिलाओं के लिए वृद्धाश्रम भी बनवाए गए हैं। संस्था का मूल मंत्र भिक्षा से शिक्षा का अभियान है। इस संबंध में अब तक 500 बच्चों को भिक्षा मुक्त बनाया गया है तथा संबंधित बच्चों के माता–पिताओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डा0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा, श्री पंकज जानी, कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली, प्रोफेसर के0पी0 सिंह आदि मौजूद रहे।

––––––

सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार
सूचना अधिकारी, राजभवन,
सम्पर्क सूत्र–8318116361